News Letter
मुक्त चिन्तन
उ०प्र० राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज
उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित
॥ सरस्वती नः सुभगा मयस्करत् ॥



मुक्त चिन्तन
14 फरवरी, 2026

# कुलपति ने किया आगरा क्षेत्रीय केन्द्र का औचक निरीक्षण






## राजा बलवंत सिंह महाविद्यालय आगरा के प्राचार्य महोदय के साथ एक सौहार्द मुलाकात

**महाविद्यालय के प्रांगण में क्षेत्रीय केंद्र आगरा को खोलने का प्रस्ताव**

**बहुत जल्द ही इस पर एक एमओयू कराया जाएगा**





*माननीय कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम जी चर्चा करते हुए राजा बलवंत सिंह महाविद्यालय आगरा के प्राचार्य महोदय*

दिनांक 14 फरवरी, 2026 को उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के माननीय कुलपति प्राफेसर सत्यकाम जी ने क्षेत्रीय केन्द्र आगरा के कार्यालय का औचक निरीक्षण किया तथा क्षेत्रीय केंद्र पर चल रही सभी गतिविधियों की जानकारी ली। माननीय कुलपति जी के क्षेत्रीय कार्यालय पहुंचने पर आगरा क्षेत्रीय केंद्र की समन्वयक डॉ. रेखा सिंह ने माननीय कुलपति जी को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया।





आज दिनांक 14 2 2026 को उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के माननीय कुलपति प्रोफेसर सत्यका जी का राजा बलवंत सिंह महाविद्यालय आगरा के प्राचार्य डॉ विजय श्रीवास्तव के साथ एक सौहार्द मुलाकात हुई जिसमें विश्वविद्यालय द्वारा चलाए गए सभी कार्यक्रमों के बारे में चर्चा की गई साथ ही कॉलेज के प्राचार्य डॉ विजय श्रीवास्तव से महाविद्यालय के प्रांगण में क्षेत्रीय केंद्र आगरा को खोलने का प्रस्ताव रखा गया जिस पर प्राचार्य महोदय ने अपनी सहमति जताते हुए आश्वासन दिया की बहुत जल्द ही इस पर एक एमओयू कराया जाएगा।



आज माननीय कुलपति महोदय द्वारा उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के बी.एड. के अध्ययन केंद्र आरबीएस डिग्री कॉलेज का निरीक्षण किया गया तथा साथ ही बी.एड. के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर बसंत बहादुर सिंह के साथ एक सार्थक चर्चा हुई जहां आरबीएस डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉ विजय श्रीवास्तव, डॉ बीबी सिंह तथा क्षेत्रीय समन्वयक आगरा डॉ रेखा सिंह जी उपस्थित रही। इस अवसर पर विश्वविद्यालय महाविद्यालय के सभी शिक्षकगढ़ भी उपस्थित थे। माननीय कुलपति जी ने बी.एड. के स्काउट गाइड विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय द्वारा चलाए गए सभी पाठ्यक्रमों के बारे में बताया तथा उनसे कहा कि आप रेगुलर कोर्स के साथ–साथ मुक्त विश्वविद्यालय में चल रहे सभी विषयों में अपनी रुचिनुसार आप प्रवेश ले सकते हैं तथा अन्त माननीय कुलपति जी अपने आशीष वचन दिए।













